अध्याय 11: रिश्वत न दें, भ्रष्टाचार की रिपोर्ट करें

रिश्वत न दें

हांगकांग में रिश्वत देना दण्डनीय अपराध है। किसी भी कर्मचारी के लिए यह रिश्वतखोरी का अपराध है चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र या निजी क्षेत्र की कंपनी में कार्यरत है, उसके अधिकार का दुरूपयोग करके किसी लाभ की मांग या स्वीकार करना। व्यक्ति जो रिश्वत की पेशकश करता है वह भी दोषी है। रिश्वत निवारण अध्यादेश (PBO) के अनुसार, लाभ का आशय किसी भी मूल्यवान चीज से है जैसे कोई उपहार, पुरस्कार, कमीशन, ऋण, पद, सेवा और पक्ष लेना। ***एक लाभ के पेशकश करने, मांग करने या स्वीकार करने पर अधिकतम सजा 7 वर्ष की कैद और HK$500,000 जुर्माना है।***

रिश्वत के दो उदाहरण निम्नलिखित हैं:

<u>सरकारी सेवा के लिए आवेदन करना</u>

एक निवासी ने सरकारी सेवा के लिए आवेदन किया है। यथा संभव जल्दी सेवा प्राप्त करने के लिए उत्सुक वह निवासी प्रक्रिया को तेज गति से करने के लिए सरकारी अधिकारी को उपहार की पेशकश करता है। इस निवासी ने PBO के तहत रिश्वत की पेशकश करने का अपराध किया है क्योंकि हांगकांग सरकार द्वारा इसके अधिकारियों को उपहार मांगने या स्वीकार करने की अनुमति नहीं है। यदि सरकारी अधिकारी उपहार को आवेदन पर प्रक्रिया के पुरस्कार के रूप स्वीकार करेगा तो वह भी रिश्वतखोरी का अपराध करेगा।

<u>एक रोजगार ढूंढना</u>

एक रोजगार का इच्छुक रोजगार पाने के लिए एक कंपनी के मैनेजर को HK$3,000 की पेशकश करता है। रोजगार का इच्छुक व्यक्ति PBO के तहत एक अपराध के लिए उत्तरदायी होगा, जबकि मैनेजर भी कानून का उल्लंघन करेगा, यदि वह अपनी कंपनी की अनुमति के बगैर कंपनी के कार्य से संबंधित धन स्वीकार करता है।

भ्रष्टाचार की रिपोर्ट करें

भ्रष्टाचार अन्याय लाता है और हमारे दैनिक जीवन को प्रतिकूल ढंग से प्रभावित करता है। भ्रष्टचार को सहन न करें और भ्रष्टाचार विरोधी स्वतंत्र आयोग (ICAC) को इसकी रिपोर्ट करें।

- जातीय भाषाओं में दुभाषिया व्यवस्था की जा सकती है।
- आपकी प्रदान की गई पहचान और जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।
- मुलाकात तय करने की जरूरत नहीं है। रिपोर्ट निम्न प्रकार से की जा सकती हैं:
  1) फोन द्वारा: **25 266 366** (24-घंटे हॉटलाइन)
  2) व्यक्तिगत रूप से: ICAC रिपोर्ट सेंटर (24-घंटे सेवा) या कोई भी ICAC क्षेत्रीय कार्यालय
  3) डाक द्वारा: GPO Box 1000, Hong Kong

भ्रष्टचार विरोधी स्वतंत्र आयोग

- ICAC हांगकांग में भ्रष्टाचार-रोधी स्वतंत्र और समर्पित एजेंसी है। यह प्रभावी कानून प्रवर्तन, रोकथाम और शिक्षा के माध्यम से भ्रष्टाचार से संघर्षरत है।



ICAC रिपोर्ट सेंटर और क्षेत्रीय कार्यालय

सेंटर / क्षेत्रीय कार्यालय	पता	हॉटलाइन	MTR निकास
ICAC Report Centre (24 - hour)	G/F, 303 Java Road North Point, Hong Kong	25 266 366	Quarry Bay Station Exit C

Hong Kong East	Unit 3, G/F East Town Building 16 Fenwick Street Wanchai, Hong Kong	2519 6555	Wan Chai Station Exit A2
Hong Kong West/Islands	G/F, Harbour Commercial Building 124 Connaught Road Central, Sheung Wan Hong Kong	2543 0000	Sheung Wan Station Exit C
Kowloon East/ Sai Kung	Shop No. 9, G/F Chevalier Commercial Centre, 8 Wang Hoi Road Kowloon Bay, Kowloon	2756 3300	Kowloon Bay Station Exit A
Kowloon West	G/F, Nathan Commercial Building 434-436 Nathan Road Yau Ma Tei, Kowloon	2780 8080	Yau Ma Tei Station Exit C
New Territories East	G06-G13, G/F, Sha Tin Government Offices 1 Sheung Wo Che Road Sha Tin, NT	2606 1144	Sha Tin Station Exit A1/B
New Territories North West	G/F, Fu Hing Building 230 Castle Peak Road Yuen Long, NT	2459 0459	Long Ping Station Exit C
New Territories South West	Shop B1, G/F Tsuen Kam Centre, 300-350 Castle Peak Road Tsuen Wan, NT	2493 7733	Tsuen Wan Station Exit A3

ICAC क्षेत्रीय कार्यालयों के खुलने का समय:

सुबह 9:00 से - सायं 7:00 बजे, सोमवार से शुक्रवार

(शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश दिनों में बंद रहते हैं)

ICAC वेबसाइट: www.icac.org.hk